दिनांक- 03.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 483/26

# महोबा पुलिस

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

- आज दिनांक 03.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 03.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 484/26

# महोबा पुलिस

## श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर महोबा पुलिस अलर्ट, शिवालयों में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था व सतत निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख एवं छोटे-बड़े शिवालयों पर व्यापक एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक महोबा व क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल की प्रभावी ड्यूटी लगाते हुए व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर परिसरों, प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निरंतर चेक कर उन्हें सतर्कता, विनम्र व्यवहार एवं भीड़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखा गया है तथा प्रमुख स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं हल्का मार्ग परिवर्तन कर भीड़ नियंत्रण के प्रभावी प्रबंध किए गए हैं। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई है।

ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल द्वारा पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ शिवभक्तों के जलाभिषेक कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पोस्टर पार्टियों द्वारा निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए धार्मिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

सभी शिवालयों में शिवभक्तों द्वारा पारंपरिक आस्था एवं श्रद्धा के साथ जलाभिषेक किया जा रहा है। जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था पूर्णतः सामान्य है तथा महोबा पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।




दिनांक- 03.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 485/26

# महोबा पुलिस

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 03.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।






दिनांक- 03.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 486/26

# महोबा पुलिस

## यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई, मॉडिफाइड साइलेंसर व अवैध काली फिल्म के खिलाफ अभियान में 06 वाहनों पर कार्यवाही।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु यातायात पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान विशेष रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगे दोपहिया वाहनों एवं चार पहिया वाहनों में लगी अवैध काली फिल्म के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान 04 बुलेट मोटरसाइकिलों से अवैध/मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए, जो अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाते हुए आमजन को असुविधा पहुंचा रहे थे। साथ ही 02 चार पहिया वाहनों में लगी अवैध काली फिल्म को मौके पर उतरवाते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि मॉडिफाइड साइलेंसर एवं अवैध काली फिल्म का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा ऐसे कृत्यों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

महोबा पुलिस द्वारा जनपद में यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



दिनांक- 03.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 487/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी थाना चरखारी

## थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शराब/जुआ/गांजा एवं अवैध शस्त्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरखारी पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक बीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना चरखारी द्वारा गठित टीम के उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा मय हमराह हे0का0 राजाराम पाल द्वारा दिनांक 01.08.2026 को 01 नफर वारंटी अभियुक्त छत्रपाल सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम टोला सोयम थाना चरखारी जनपद महोबा को मु0अ0सं0 1273/2011 धारा 363/366 भादवि से संबंधित वारंट के अनुपालन में ग्राम टोला सोयम थाना चरखारी जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा
2. हे0का0 राजाराम पाल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

छत्रपाल सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह, उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम टोला सोयम थाना चरखारी जनपद महोबा



दिनांक- 03.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 488/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना अजनर

## थाना अजनर पुलिस टीम ने शातिर अभियुक्त को मय अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थानाध्यक्ष श्री सुभाषचन्द्र द्वारा गठित टीम, उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य, कां0 अमन यादव व कां0 अजीत यादव द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 03.08.2026 को आर्मी फायरिंग बट पहाड़िया के पास, ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा से अभियुक्त हेमन्त उर्फ नाती अनुरागी पुत्र रामपाल, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम बेंदो थाना पनवाड़ी जनपद महोबा (हाल निवासी बजरंग कालोनी वार्ड नं0-18, थाना नौगांव जनपद छतरपुर, म0प्र0) को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना अजनर पर मु0अ0सं0 137/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

- हेमन्त उर्फ नाती अनुरागी पुत्र रामपाल, उम्र करीब 27 वर्ष निवासी: ग्राम बेंदो थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
- वर्तमान पता: बजरंग कालोनी वार्ड नं0-18, थाना नौगांव, जनपद छतरपुर (म0प्र0)




### बरामदगी-

- 01 अदद तमंचा 12 बोर
- 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

### गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य (चौकी प्रभारी धवर्रा) 2.कां0 अमन यादव 3.कां0 अजीत यादव

### अपराधिक रिकॉर्ड-

अपराधी हेमन्त उर्फ नाती अनुरागी पिता रामपाल अनुरागी उम्र 27 वर्ष निवासी धौर्रा रोड बजरंग कालोनी नौगांव थाना नौगांव जिला छतरपुर (म.प्र.)

1. मु0अ0स0 177/2020 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
2. मु0अ0स0 612/2021 धारा 294, 323, 324, 506, 34 भादवि नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
3. मु0अ0स0 45/2022 धारा 294, 323, 325, 506 भादवि नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
4. मु0अ0स0 345/2022 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
5. मु0अ0स0 80/2023 धारा 25(1) आर्म्स एक्ट नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
6. मु0अ0स0 630/2025 धारा 127(2), 115(2), 296, 351(3), 3(5) बीएनएस नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
7. मु0अ0स0 631/2025 धारा 119(1), 296, 351(3) बीएनएस नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
8. मु0अ0स0 25/2026 धारा 115(2), 296(b), 351(3) बीएनएस नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)
9. मु0अ0स0 30/2026 धारा 25 बी आर्म्स एक्ट नौगांव जनपद छतरपुर (म0प्र0)

महोबा पुलिस

सर्किल कुलपहाड़ - थाना महोबकंठ

दिनांक- 03.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 489/26

# थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा
# 04 नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के नेतृत्व में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शराब/जुआ/गांजा एवं अवैध शस्त्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.08.2026 को थाना महोबकंठ पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम के उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा मय हमराह रि0कां0 कौशिक सिंह द्वारा मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़, जनपद महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट संख्या 122/2012 (एनसीआर 180/2011) धारा 323/324/504/506 भादवि से संबंधित 04 नफर वारंटी अभियुक्तगण क्रमशः 1.धरमजीत पुत्र दयाराम, उम्र करीब 55 वर्ष 2.श्रीपाल पुत्र केशरीपाल, उम्र करीब 52 वर्ष 3.धरमचन्द्र पुत्र सुन्दरपाल, उम्र करीब 50 वर्ष 4.कोमल पाल पुत्र भूरापाल, उम्र करीब 50 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम बीहट थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम बीहट थाना महोबकंठ जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्तगण उपरोक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.धरमजीत पुत्र दयाराम, उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम बीहट थाना महोबकंठ जनपद महोबा

2.श्रीपाल पुत्र केशरीपाल, उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम बीहट थाना महोबकंठ जनपद महोबा

3.धरमचन्द्र पुत्र सुन्दरपाल, उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम बीहट थाना महोबकंठ जनपद महोबा

4.कोमल पाल पुत्र भूरापाल, उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम बीहट थाना महोबकंठ जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1.उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा

3.रि0कां0 कौशिक सिंह

